# दयानन्द आर्य कन्या डिग्री कालेज

# दर्पण



स्थापना वर्ष (1960)

भाग 1 (2020-21)

खण्ड 2 (अक्टूबर-दिसम्बर)

## प्राचार्या की कलम से



शिक्षा समर्पित शिक्षकों प्रेरित छात्राओं और उच्च उम्मीदों के साथ उत्साही माता & पिता के बीच एक साझा प्रतिबद्धता है। एक महाविद्यालय की भूमिका न केवल अकादमिक उत्क्रष्टता को आगे बढ़ाने के लिए है, बल्कि अपने छात्रों को आजीवन सीखने वाले महत्वपूर्ण विचारक और गतिशील वैश्विक समाज के उत्पादक होने के लिए प्रेरित करने और सशक्त बनाने के लिए भी है। हमारा महाविद्यालय छात्राओं की बहुमुखी प्रतिभा के विकास हेतु उनकी क्षमताओं को उत्कृष्टता तक पहुंचाने हेतु एक सशक्त वातावरण प्रदान करता है। मुझे ये कहने में गर्व महसूस हो रहा है कि हमारा महाविद्यालय शैक्षणिक एवम् मानवीय उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए, सभी पहलुओं में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है ।

उत्कृष्टता की ओर हमारी यात्रा जारी है--------

## संपादकीय लेख

जब जीवन में खुशी और सफलता की बात आती है तो ई0क्यू0 उतना ही मायने रखता है जितना कि आई.क्यू.। भावनात्मक बुद्धिमत्ता तनाव को दूर करने, प्रभावी ढंग से संवाद करने, दूसरों से सहानुभूति रखने, चुनौतियों से पार पाने और संघर्ष को धता बताने के लिये सकारात्मक तरीके से अपने भावनाओं को समझने, उपयोग करने और प्रबंधित करने की क्षमता है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता आपको मजबूत रिश्ते बनाने, स्कूल में सफल होने और काम करने तथा अपने केरियर व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती है। बौद्धिक क्षमता या आई.क्यू. जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु पर्याप्त नहीं है। भावनात्मक बुद्धिमत्ता स्कूल या काम पर आपके प्रदर्शन को प्रभावित करती है। आपके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य , आपके रिश्तों एवं सामाजिक बुद्धिमत्ता को भी प्रभावित करती है।

भावनात्मक बुद्धिमत्ता बढ़ाने वाले कौशलों को किसी भी समय सीखा जा सकता है। ई.क्यू. के निर्माण और भावनाओं को प्रबंधित करने और दूसरों के साथ जुड़ने की क्षमता में सुधार के लिये प्रमुख कौशल निम्न हैं

○ स्व-प्रबंधन

○ आत्म-जागरूकता

○ सामाजिक जागरूकता


○ सम्बंध प्रबंधन

मुझे यह कहते हुए अत्यन्त हर्ष एवं गौरव हो रहा है कि हमारा महाविद्यालय छात्राओं के आई क्यू के साथ-साथ ई क्यू के विकास हेतु भी प्रयासरत है। हम अपनी छात्राओं को संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के पथ पर अग्रसर है। हमारा ई-समाचार पत्र **दर्पण** इसी दिशा में एक प्रयास है जो हमारी कल्पनाओं, विचारों तथा आकांक्षाओं को विभिन्न प्रकार के रंगों से सजाता, संवारता तथा निखारता है और हमारी प्रगति को दर्शाता है। **दर्पण** के भावी अंकों को अधिक रूचिकर एवं प्रभावी बनाने हेतु आप सब के स्नेह एवं सहयोग की आकांक्षी हूं।







## शास्त्री एवं महात्मा गांधी जयन्ती




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, जो कि एक भारतीय वकील, उपनिवेश विरोधी राष्ट्रवादी और राजनीतिक नैतिकवादी थे, के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर सामुदायिक सेवा समिति एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक आॅनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गांधी जी के विचारों एवं जीवन-दर्शन को समाज के लोगों के मध्य प्रचारित व प्रसारित करना था जिससे समाज में स्वदेश प्रेम, अहिंसा, कर्तव्यनिष्ठा, प्रेम, सहानुभूति जैसे नैतिक मूल्यों का प्रार्दुभाव हो सके। प्रतियोगिता में लगभग 22 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रीति प्रथम, मिनाक्षी सागर द्वितीय एवं श्वेता रानी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संयोजन डा0 ऋतु दीक्षित एवं डा0 संतोष सिंह जी द्वारा किया गया।




राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जिन्होने ब्रिटिश शासन से भारत की स्वतंत्रता के लिये सफल अभियान का नेतृत्व करने के अहिंसक प्रतिरोध को नियोजित किया एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर बी.एड. विभाग द्वारा एक आॅनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। छात्राओं ने शास्त्री जी एवं गांधी जी के विचारों एवं जीवन दर्शन के बारे में अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। उनके जीवन से सम्बंधित संस्मरण भी आपस में साझा किये। इसके साथ ही एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सीरिज़ फलक को प्रथम, प्रज्ञा सक्सेना द्वितीय एवं अर्चना भारती को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड. विभागाध्यक्षा डा0 मंजू जौहरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग की अन्य प्रवक्ताओं श्रीमती अरूणा शर्मा, श्रीमती विदूषी एवं श्रीमती सुषमा द्वारा गांधी जी एवं शास्त्री जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

## ई-पत्रिका का विमोचन



महाविद्यालय के प्रांगण में विश्व छात्र दिवस डा0 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक इंजी. उमाकान्त गुप्त जी, महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति की आजीवन सदस्या श्रीमती संतोष रानी गुप्ता जी एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका **दर्पण** का विमोचन किया गया, इस अवसर पर ई-समाचार पत्रिका की मुख्य संपादिका डा0 मंजू जौहरी ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में आयोजित शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी देने, प्रचार करने और अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करना ई-समाचार पत्रिका

**दर्पण** का मुख्य उद्देश्य है। ई-समाचार पत्रिका की उप-संपादिका श्रीमती नीतू, एवं श्रीमती नेमिका तथा कु. स्नेहा कुमारी द्वारा इसके प्रकाशन में अमूल्य सहयोग प्रदान किया गया।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस




कोविड -19 के इस संक्रमण के दौरान महाविद्यालय प्रांगण में एन.एस.एस. व कोविड हेल्प डेस्क के द्वारा संयुक्त रूप से विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। यह प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को मनाया जाने वाला वार्षिक विश्व समर्पित दिवस है जो साबुन से हाथ धोने एवं बीमारियों से बचाव तथा जीवन की सुरक्षा के लिये एक आसान, प्रभावी और बेहतर तरीके के रूप में जागरूकता बढ़ाने और समझने के लिये समर्पित है। हमारा हाथ हमारा भविष्य को ध्यान में रखते हुए सुमन-के के प्रारूप पर हाथ धोने के छः तरीकों को समझाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ताओं के साथ-साथ तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों के हाथ धुलवाये गये। विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर हाथ धुलवाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिये एक वेबिनार का आयोजन भी किया गया।

## आई क्यू ए सी कार्यशाला



महाविद्यालय प्रांगण में आई0क्यू0ए0सी समिति द्वारा प्रवक्ता वर्ग के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 16-10-2020 को किया गया जिसमें आई0क्यू0ए0सी के सात संवर्गों पर गहन विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न संवर्गों के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, शिक्षण, अधिगम एवं मूल्यांकन के विभिन्न आधुनिक पद्धतियों, आधुनिक शिक्षण संसाधन के प्रयोग महाविद्यालय के आधारिक संरचना के विकास, पूर्व छात्राओं के प्रतिपुष्टि (फीडबैक के बारे में प्रवक्ताओं को विस्तृत रूप से बताया गया जिससे महाविद्यालय की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके। इस कार्यक्रम में प्रवक्ता वर्ग के सुझाव भी आमंत्रित किये गये जिससे भविष्य में आई0क्यू0ए0सी समिति महाविद्यालय के सकारात्मक विकास के लिए कार्य कर सकें। इस कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा तथा संयोजन डा0 रीना मित्तल द्वारा किया गया।

## विश्व खाद्य दिवस वेबिनार


विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर ऑनलाइन वेबीनार एवं सेमिनार का आयोजन

मुरादाबाद (विधान केसरी)। दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर ऑनलाइन वेबीनार एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाद संयोजन प्राचार्या डॉक्टर अनुपमा मेहरोत्रा डॉक्टर सुभाष गोयल द्वारा किया गया। रिसर्च स्कॉलर चित्रांशु ने भी अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर जानकारी दी गई कि विश्व खाद्य दिवस प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है, इसी दिन एफ ए ओ की स्थापना 75 वर्ष पूर्व 1945 में की गई थी खाद्य दिवस के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व खाद्य दिवस का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए भोजन की प्राप्ति को सुनिश्चित करना तथा लोगों में संतुलित आहार के तथा आहारीय स्वस्थ आदमी के विषय में जानकारी देना है। इस वर्ष विश्व खाद्य दिवस की थीम में कोविड-19 महामारी के प्रभाव से बचने के लिए वैश्विक एकजुटता का आह्वान किया गया तथा सबसे कमजोर लोगों को ठीक करने और खाद्य प्रणालियों को उनके लिए अधिक टिकाऊ बनाने में मदद करने का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर खाद्य कृषि संगठन के तथा संतुलित आहार,पोषक तत्वों के कार्य के विषय में जानकारी दी गई।

विश्व खाद्य दिवस पर छात्राओं को नाश्ता उचित समय पर अच्छी तरह करने। घर का बना खाना खाने।

हेल्दी स्नैक्स चुनने। मीठी बस में तथा अधिक नमक ना खाने। खूब चबाकर खाने।

चाय और कॉफी का सेवन कम करने। थाली में रंगीन बाहरी सब्जियां व फल अधिक खाने की सलाह दी गई। सामुदायिक सेवा हेतु मलिन बस्तियों में पोषण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का आह्वान किया गया।



प्रत्येक वर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए विकासशील देशों के मध्य तकनीकी एवं वित्तीय सहयोग बढ़ाना और विकसित देशों से आधुनिक तकनीकी मदद उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर हमारे महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खाद्य दिवस के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया गया कि भोजन एक बुनियादी और मौलिक मानवाधिकार है। इसके साथ ही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना चाहिए तथा मिलावटी, गुणवत्ताहीन सामग्री को खाने में प्रयोग नही करना चाहिए। गौरतलब है कि भारत ही नही दुनिया में लगातार कुपोषण के मामले बढ़ रहे हैं। इस पर लोगों को जागरूक कराने हेतु 'विश्व खाद्य दिवस' वेबिनार के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा तथा संयोजन डा0 शुभा गोयल द्वारा किया गया।

## रंगोली प्रतियोगिता

महाविद्यालय में छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं। कोरोना महामारी को देखते हुए ज्यादातर कार्यक्रम ई-प्रारूप में हुए हैं। 19 अक्टूबर को महाविद्यालय की विविध कला समिति द्वारा आॅनलाइन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रंगोली के डिजाइन, रंग संयोजन, विषय, स्वयं की रंगोली के साथ छायाप्रति आदि के आधार पर निर्णायकों द्वारा निर्णय किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः श्वेता रानी, निशा गुप्ता एवं तूबा रहीं।



## मिशन शक्ति

महिलाओं और बालिकाओं को अपनी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक कराने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एक विशेष अभियान मिशन शक्ति की शुरूआत की गई। इस नौ



दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ नवरात्रि के दौरान करके यह संदेश दिया गया कि यह नौ दिन नव दुर्गा के रूप की तरह शक्ति का संचार करने वाले हैं। हमारे महाविद्यालय में एन.सी.सी. राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) तथा शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम **मिशन शक्ति** का आयोजन ई-प्रारूप के रूप में किया गया। नौ दिवसीय वेबिनार में महाविद्यालय की छात्राओं के साथ-साथ अभिभावकों एवं महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं, अध्यापिकाओं को सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, अध्ययन स्थल, कार्यस्थल पर शारीरिक, मानसिक एवं यौन उत्पीड़न से संरक्षण विषयक विधिक प्रावधानों की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया। इसके अलावा छात्राओं, अभिभावकों को बाल विवाह, बालश्रम, दहेज प्रथा जैसी कुप्रथाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा छात्राओं को आत्मनिर्भरता एवं आत्मसुरक्षा के गुर

सिखाए गए। **मिशन शक्ति** कार्यक्रम का शुभारंभ शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में तथा समापन 25 अक्टूबर की संध्या को किया गया।

## नेशनल करिकूलम फ्रेमवर्क-2005 विचार गोष्ठी

महाविद्यालय के बी.एड. विभाग द्वारा नेशनल करिकूलम फ्रेमवर्क- 2005 पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, भारत में स्कूलों के लिए पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और शिक्षण प्रथाओं के लिये एक दिशा निर्देश के रूप मे कार्य करता है। इस विचार गोष्ठी में एन.सी.एफ. 2005 के मुख्य घटक जैसे स्कूल के बाहर जीवन से ज्ञान को जोड़ना, परीक्षा को एकीकृत करना, पाठ्यक्रम को समृद्ध करना एवं लचीला बनाने जैसे मुद्दों पर चिन्तन मनन किया गया। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में आने वाले एन.सी.एफ. में क्या क्या परिवर्तन किये जा सकते हैं, उसके बारे में भी छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये।



## पढ़े मुरादाबाद बढ़े मुरादाबाद

19 नवम्बर को महाविद्यालय के प्रांगण में **पढ़े मुरादाबाद बढ़े मुरादाबाद** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य छात्राओं में पठन-पाठन की अभिरूचि उत्पन्न करना तथा उत्कृष्ट साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग का पूरा ख्याल रखा गया। इस अवसर पर छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा कई नई पुस्तकों से अवगत भी हुई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की ओर से अपनी रूचि के अनुसार प्रेरणादायी पुस्तकों का अध्ययन किया गया। महाविद्यालय की प्रवक्ताओं ने छात्राओं को पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ कई साहित्यिक, प्रेरणादायी पुस्तकों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम का आयोजन अंग्रेजी विभाग की प्रवक्ता डा0 नेमिका द्वारा किया गया।



## साइबर क्राइम सेल

मुरादाबाद जिले में एस. एस. पी. मुरादाबाद द्वारा साइबर क्राइम सेल का गठन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य है समाज में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाना। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु हमारे महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा दिनांक 24 नवम्बर को साइबर क्राइम क्लब का गठन किया गया जो मुरादाबाद के मुख्य साइबर क्राइम सेल से जोड़ दिया जाएगा। कोविड-19 महामारी के समय में साइबर अपराधी अपराध के नित नये तरीके अपना रहे हैं। ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं समाज को साइबर क्राइम से मुक्त रखने के लिए साइबर क्राइम क्लब का गठन किया जाना एक प्रभावी पहल साबित हो सकती है। इस अवसर पर छात्राओं को साइबर क्राइम संबंधी जानकारी देने के साथ साइबर क्राइम हेल्प लाइन नं. 8709348279 से अवगत कराया गया।



## कोविड परीक्षण शिविर



कोविड-19 महामारी के व्यापक प्रसार को देखते हुए महाविद्यालय में समय-समय पर कोविड परीक्षण शिविर लगाया जाता रहा है। 23 नवम्बर से महाविद्यालय की नियमित कक्षाएं प्रारंभ होने के बाद सबकी सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 27 नवम्बर को महाविद्यालय परिसर में कोविड परीक्षण शिविर लगाया गया, जिसमें महाविद्यालय की समस्त प्रवक्ताओं, तृतीय व चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों व छात्राओं का परीक्षण डा0 एस. सी. अग्रवाल की टीम द्वारा किया गया। इस परीक्षण में महाविद्यालय की कोविड हेल्प डेस्क टीम का अहम योगदान रहा।

## अभिविन्यास कार्यक्रम



दिनांक 04 दिसम्बर को महाविद्यालय परिसर में ओरियंटेशन समिति के तत्वाधान में छात्राओं के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरियंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रवक्ताओं के द्वारा अकदामिक (करिकुलर, सह-शिक्षण, को-करिकुलर, से संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से नए सत्र में प्रवेश पाने वाली छात्राओं के लिए किया गया जिससे वे महाविद्यालय के नियमों से परिचित हो सकें। इस दौरान सभी विषयों की प्रवक्ताओं तथा छात्राओं के चहुंमुखी विकास हेतु बनाई गई विभिन्न समितियों व उनकी संयोजिका, सदस्याओं से उनका परिचय कराया गया, साथ ही कोरोना महामारी के दौर में शिक्षा के बदलते स्वरूप के बारे में उनसे खुलकर बात की गई। उन्हें शिक्षण के नए प्रारूपः व्हाट्सअप, जूम, गूगल मिट, गूगल क्लासरूम के द्वारा आनलाइन शिक्षण संबंधी जानकारी दी गई।

## संस्थापक दिवस समारोह

महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष 12 दिसम्बर महाविद्यालय के संस्थापक दिवस समारोह के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस




महाविद्यालय के संस्थापक दयानंद गुप्त की जयंती पर मनाया जाता है। महाविद्यालय का 108वां संस्थापक दिवस समारोह महाविद्यालय परिसर के सभागार कक्ष में कोविड महामारी के नियमों का पालन करते हुए मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष अभियंता उमाकान्त गुप्त, विशिष्ट अतिथि प्रबंध समिति के सचिव मौ0 जुनैद  एज़ाज, प्रबंध समिति की आजीवन सदस्या श्रीमती संतोष रानी गुप्त, प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा एवं समस्त प्रवक्ता वर्ग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि को एन0सी0सी0 की पायलट कृष्णा एवं बबीता द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यापण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कोरोना महामारी की विभीषिका को दृष्टिगत  ध्यान रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में विभिन्न छात्राओं द्वारा गायन, वादन व नृत्य की मानसिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के विभिन्न स्वरूप को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर स्नातक अंतिम वर्ष में हिन्दी विषय में सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्रा ज्योति को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्रगति आख्या डा0 जौली गर्ग द्वारा प्रस्तुत की गयी। संस्थापक दिवस समारोह के अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अभियंता उमाकान्त गुप्त के कर-कमलों द्वारा महाविद्यालय की  ई  पत्रिका भारती का भी विमोचन किया गया।

## श्लोक गायन प्रतियोगिता

महाविद्यालय प्रांगण में संस्कृत विभाग द्वारा 22 दिसम्बर को संस्कृत श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्कृत एक दुरूह भाषा है, इस जुमले को छात्राओं के मन से दूर करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्कृत विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों की छात्राओं ने भी इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी। छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विभिन्न छंदों जैसे शार्डलविक्रिडित, शिखारणी एवं मलिनि इत्यादि का सुकंठ पाठ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यापण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया, निर्णायक मंडल के रूप में डा0 कंचन सिंह, डा0 रीना मिततल एवं डा0 ऋतु दीक्षित ने अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम, द्विवितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः स्वाति, मेधा, प्रियांशी रहीं। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डा0 अंजलि उपाध्याय द्वारा किया गया।



श्लोक गायन प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर किया प्रतिभाग

**दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा इस श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन**

(उत्तर केसरी संवाददाता)

मुरादाबाद। दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा इस श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. अनुपमा मेहरोत्रा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके किया गया। गायक मंडल में महाविद्यालय की डा. कंचन सिंह, डा. रीना मित्तल, डा. रितु दीक्षित रही।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर मां सरस्वती की बंदना की गई। छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए विभिन्न छंदों जैसे शार्इलविक्रिडित, शिखरिणी एवं मलिनि इत्यादि का सुकंठ पाठ किया गया। संस्कृत विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों की छात्राओं ने भी इस प्रतियोगिता में पर बढ़चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वाति, द्वितीय मेधा, तृतीय स्थान पर प्रियांशी भट्ट ने प्राप्त किया। सहभागिता प्रमाण पत्र सभी प्रतिभागियों को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की अन्य प्रवक्ताएं भी उपस्थित रहे इस अवसर पर महाविद्यालय की उपयोगिता एवं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डा. अंजली उपाध्याय द्वारा किया गया।

## योग कार्यशाला

महाविद्यालय प्रांगण में 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों, एन0सी0सी0 व शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा के संरक्षण में फिट इण्डिया अभियान पर आधारित एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं जनसामान्य में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना था। एन0एस0एस0 की दोनो इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारी डा शोभा गुप्ता एवं डा नेमिका ने स्वयं सेविकाओं एवं जन-जन को योग व व्यायाम को अपने जीवन में सम्मिलित करने के लिये प्रोत्साहित किया। एन0सी0सी0 की डा मणि बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोज आधा घंटा योग करने से हम पूरे दिन स्फूर्ति महसूस करते हैं शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग की प्रवक्ता श्रीमती नीतू सिंह एवं श्रीमती अनिता फरसवाण ने छात्राओं को स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम व योग से सम्बन्धित गुर सिखाये। कार्यक्रम के दौरान कोरोना से बचाव के सभी नियमों का पालन करते हुए योगाभ्यास किया गया।



## महिला सुरक्षा अभियान



महाविद्यालय प्रांगण में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों, एन0सी0सी0 व शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा 23 दिसम्बर को भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा के संरक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा विषय से सम्बन्धित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं जनसामान्य में महिला सुरक्षा से सम्बन्धित उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता लाना है। मुख्य अतिथि एस. आई. बालेन्द्र सिंह ने कार्यशाला में महिला सुरक्षा से सम्बन्धित पुलिस हेल्प लाइन नम्बर 1090, 1098, 112 तथा 118 से छात्राओं को अवगत कराया एवं बताया कि विषम परिस्थितियों में इन नम्बरों का प्रयोग किस प्रकार कर सकते हैं। उन्होने बताया कि इन हेल्प लाइन नम्बर पर फोन करने पर उन्हें तुरन्त सहायता प्राप्त होगी और उनकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी। एन्टी रोमियो टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर भी सिखाये। कार्यक्रम के दौरान कोरोना महामारी से बचाव व सामाजिक दूरी के सभी नियमों का पालन किया गया।

## साइक्लोथान जन जागरूकता रैली

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों द्वारा चलाये जा रहे **फिटनेस का डोज़ आधा घंटा रोज** प्रोग्राम के



स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली

अमृत विचार, मुरादाबाद

दयानंद आर्य कन्या डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज के अन्तर्गत फिट इंडिया साइक्लोथान जन जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. शोभा गुप्ता व द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमिका के निर्देशन में किया गया।

फिट इंडिया साइक्लोथान जन जागरूकता रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या ने हरी झंडी दिखाकर गोद लिए हुए बंगला गांव के लिए रवाना किया। रैली में स्वयं सेविकाओं ने फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज, करो योग रहो निरोग, स्वास्थ्य ही धन है आदि नारों के द्वारा लोगों को जागरूक किया। कालेज की प्राचार्या डा. अनुपमा मेहरोत्रा ने कहा कि जीवन में स्वस्थ रहना ही मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इसलिए हमें खुद को फिट रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डा. शोभा गुप्ता ने बताया कि हम अपने दैनिक जीवन में इतने व्यस्त हो चुके हैं कि स्वास्थ्य पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं और धीरे-धीरे अनेकों बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमिका ने स्वयं सेविकाओं को समय रहते स्वास्थ्य के प्रति सजग होने के लिए प्रोत्साहित किया और दैनिक जीवन में व्यायाम के महत्व के विषय में भी स्वयं सेविकाओं व जन सामान्य को जागरूक किया।

दयानंद डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में रैली निकालती छात्राएं।

अन्तर्गत एक फिट इण्डिया साइक्लोथान जन जागरूकता रैली का आयोजन 24 दिसम्बर को किया गया। रैली को सम्बोधित करते हुए प्राचार्या डा0 अनुपमा मेहरोत्रा ने कहा कि मनुष्य जीवन में स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ नहीं है। अतः अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए हमें हर सम्भव प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डा शोभा गुप्ता ने बताया कि जीवन में व्यस्तता के कारण हम स्वास्थ्य की अमूल्य निधि पर ध्यान ही नहीं दे पाते जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्याओं से घिरते जा रहे है । द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा नेमिका ने स्वास्थ्य के प्रति सजग होने के लिये प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात फिट इण्डिया साइक्लोथान जन जागरूकता रैली को महाविद्याालय की प्राचार्या ने हरी झण्डी दिखा कर गोद लिये हुए बंगला गांव के लिये प्रस्थान कराया।

## त्वरित भाषण प्रतियोगिता

महाविद्यालय प्रांगण के सभागार कक्ष में 24 दिसम्बर को आर्थिक परिषद की ओर से त्वरित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसके अन्तर्गत नारी सुरक्षा, आॅनलाइन शिक्षा, साइबर क्राइम, जल संरक्षण, भ्रष्टाचार जैसे सामाजिक विषय को रखा गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं के सर्वागीण विकास के उद्देश्य से किया गया। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखा गया कि छात्राएं समाज के ज्वलन्त मुद्दे व समसामायिक गतिविधियों से परिचित हो सकें तथा अपने समाज को और बेहतर तरीके से जान सकें। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डा अनुपमा मेहरोत्रा तथा संयोजन व संचालन कु0 श्रुति जायसवाल द्वारा किया गया।



# विनम्र श्रद्धांजलि



महाविद्यालय की संस्थापक प्राचार्या श्रीमती बिमला देवी जी का जन्म 1 जनवरी 1929 को हुआ था। आपने मेरठ के रघुनाथ कॉलेज से हिंदी एवं संस्कृत विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की, साथ ही आपने मुरादाबाद के केजीके कॉलेज से लॉ की शिक्षा भी ग्रहण की। आपका विवाह मुरादाबाद के ही श्री हरिश्चंद्र गुप्ता अधिवक्ता, के साथ संपन्न हुआ। ईश्वर ने आपको दो पुत्र एवं दो पुत्री की माँ होने का सौभाग्य प्रदान किया।

आपने 1957 में बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज मुरादाबाद में हिंदी प्रवक्ता के पद को सुशोभित किया और यही पर आप सन 1958 में प्रधानाचार्य के पद पर आसीन हुई। 15 जुलाई 1960 में आपने दयानन्द आर्य डिग्री कॉलेज में प्राचार्या का पद ग्रहण कर महाविद्यालय की उत्तरोत्तर उन्नति की। 30 जून 1989 को आप महाविद्यालय के प्राचार्या से सेवा निवृत हुई। तब से लगातार आप महाविद्यालय प्रबंध समिति के विभिन पदों को सुशोभित करती रहीं।

आपका देहावसान गत दिनांक 09 नवम्बर 2020 को हुआ। आपके जैसा प्रेरणादायी, विनम्र, ईमानदार, कर्मठ, असीम मेधा की धनी एवं स्नेहिल व्यक्तित्व सदियों में एक बार ही पृथ्वी पर जन्म लेता है। आपका इस संसार से विदा होना महाविद्यालय परिवार के लिए अपूर्णनीय क्षति है। महाविद्यालय परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि.........

# DAYANAND ARYA KANYA DEGREE COLLEGE

# DARPAN



ESTABLISHED IN 1960

VOLUME 1 (2020-21)

ISSUE 2 (Oct.-Dec.)

## Principal's message



Education is a shared commitment between dedicated teachers, motivated student and enthusiastic parents with high expectations. The role of college is not only to pursue academic excellence but also to motivate and empower its students to be lifelong learner, critical thinkers and productive members of a dynamic global society. Our institution provides an atmosphere for multifaceted development where students are encouraged to channelize their potential in the pursuit of excellence.

I feel proud to express that our college is performing extremely well in all aspects to ensure academic and human excellence. Our journey towards excellence continues…….

## Editorial Note

When it comes to happiness and success in life E.I matters just as much as I.Q. Emotional Intelligence is the ability to understand, use and manage your own emotions in positive ways to relieve stress, communicate effectively, empathize with others, overcome challenges and defuse conflicts. Emotional Intelligence helps you to build stronger relationships, succeed at school and work and achieve your career and personal goals. Intellectual ability or your Intelligence quotient (I.Q) is not enough on its own to achieve success in life. E.I affects your performance at school or at work place, your physical and mental health, your relationships and your social intelligence.

The skills that make emotional intelligence can be learned at any time. The key skills for building your E.K and improving your ability to manage emotions and connect with others are-

- Self management
- Self Awareness
- Social awareness
- Relationship management

I am feeling very proud to say that we endeavor constantly to inculcate these skills in our students. We pride ourselves to help them to grow and develop into sensitive and responsible citizens for future. This e- newsletter DARPAN is a milestone that makes our growth, unfolds our imaginations and gives life to our thoughts and aspirations.







## Shastri & Gandhi Jayanti




On 1st October 2020, an online poster competition was organized by Samudayik Seva Samiti and department of Sociology to spread awareness among people about Gandhian philosophy and how Gandhian philosophy still can play an important role in the development of the nation. In this competition Priti (B.A IInd yr), Minakshi Sagar (B.A IInd yr) and Shweta Rani (B.A IInd yr) got first, second and third position respectively. Diksha and Khushi got consolation prize.




2nd October 2020 was celebrated as Gandhi Jayanti to commemorate the birthday of Father of the Nation Mohandas Karamchand Gandhi. On this occasion, an online webinar was organized by B.Ed department. Theme of the seminar was the contribution of Gandhi in the making of this nation. Relevancy of his principles on non violence and sanitation in present scenario was also discussed.

## Launch of E-newsletter



On 15th October2020, E-newsletter 'DARPAN' was released. The purpose of this newsletter was to showcase all the ongoing academic and co-curricular activities of the college. According to the chief editor Dr. Manju Jauhri, the aim of this newsletter is to promote academic and cultural activities of the students. Principal, Dr. Anupama Mehrotra considered it an important step in the all round development of the students.

## World Hand Wash Day

On 15th of October 2020, World Hand Wash day was celebrated by National Service Scheme and Covid Help Desk combinedly. Students were taught six steps of hand wash based on SUMAN K method by the volunteers. On this occasion, college teaching staff along with third and fourth class workers actively participated in the program. A webinar was also organised to spread awareness among people about self sanitization during this covid period.



## IQAC- Workshop



On 16th of October 2020, a workshop was organized by IQAC committee for the teaching faculty to discuss mainly the seven categories of IQAR. At the same time, topics like students' feedback and annual reporting by the teachers were also discussed to search for the ways to make them easy and simple.

## World Food Day

On 16th October 2020, a webinar was organized by the Department of Home Science on World Food Day. The webinar focused on the aim of World Food Day that is to ensure food for all and also spread awareness among people about the importance of balanced diet.



विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर ऑनलाइन वेबीनार एवं सेमिनार का आयोजन

## Rangoli Competition



On 19th of October 2020, an online Rangoli competition was organized by Vivid Kala Samiti of the college. In which decisions were made on the basis of designs, color combination and theme displayed in the rangolies. Students sent their photos along with their rangoli. In the competition, Shweta Rani, Nishi Gupta and Tuba got first, second and third positions respectively.

## Mission Shakti



Focusing on ensuring the safety and dignity of girls and women, U.P. Government took an initiative with a special campaign 'Mission Shakti'. The nine days program started with the commencement of the Shardiya Navratri festival signifying the infusion of strength among girls like Goddess Durga. In our college, an online program under Mission Shakti campaign, was conducted and monitored by NCC, NSS, Physical education and Sports department collaboratively. Along with the students, guardians and the faculty members of our college participated in the nine days webinar. The aim of this program was to instill the feeling of self-reliance and self-respect among girls and women and also to raise awareness related to the various techniques of self-protection from physical, mental and sexual harassment at workplace and study centers. Apart from this, a great knowledge of prevalent

malpractices such as child marriage, child labor and dowry was given to students and parents. Mission Shakti campaign started on the first day of Shardiya Navratri and continued till October, 25.

## Padhe Moradabad Badhe Moradabad



On Nov 19, in the light of 'Padhe Moradabad Badhe Moradabad' a program was organized in our college campus with the purpose of creating interest for reading in students and encouraging them to acquire good reading and comprehension skills. Considering the spread of covid-19 pandemic, guidelines of social distancing were followed. Students actively participated in the program and became aware of many new good books. In a view of this program, students were involved in reading actively with their favorite books. All the faculty members gave them information regarding various motivational books. The program was organized by Dr Nemika from English department.

## Cyber Crime Cell

Cyber crime cell was formed by SSP Moradabad . The aim behind forming this Club was to spread awareness in society regarding cyber crimes. For the fulfillment of this aim, Cyber Crime Club was also formed by the college Principal Dr Anupama Mehrotra on 24 November 2020. Later, this club will be joined to the main Cyber Crime Cell of the district. At the time of corona, cyber criminals are following new methods to execute their criminal acts. To stop such crimes and to save us from becoming a victim to such crimes, the cybercrime cell has come into existence which may prove to be an effective step towards achieving this aim. On this occasion, besides, providing important information about cybercrimes, students are also informed about cyber crime helpline number 870 9348 279.



## Covid Testing Camp



Considering the wide spread of coronavirus, Covid Testing Camps have been held from time to time in our college campus. After starting regular classes from 23rd November, for the safety of everyone, a Covid Testing Camp was organized in the college on 27 November, 2020, in which, along with the students, all teaching faculties, third and fourth class employees were also tested by the medical team of Dr S. C. Agarwal. On this occasion, Covid Desk Team of the college played an active role.

## Orientation program

On 4th of December 2020, an Orientation program was organized in the college campus by the Orientation Committee of the college, in which students were informed about curricular and co-curricular and extracurricular activities. This program was organized especially for the students who got admission in the new courses so that they could be familiar with the rules of the college. During the program, all the members of the different faculties were introduced to the new comers. There was a free discussion on the changing face of education during corona. Students were also informed about the new forms of online teaching via WhatsApp, zoom, Google meet, Google classroom and other online platforms.



## Foundation Day Celebration

Every year on 12th December , we celebrate the foundation day of our college Dayanand Arya Kanya degree College, Moradabad. The day is celebrated on the birth anniversary of Mr. Dayanand Gupt, the founder of the college. This year we celebrated the 108th foundation day in the college auditorium following the guidelines of covid-19. The Chief Guest of the ceremony Er. UmakantGupt, the President of the Management committee and the special guests Mohd. Zunaid Azaz, the Secretary of Management committee Mrs. Santosh Rani the lifetime member of Management committee, the Principal of the college Dr. Anupama Mehrotra and other faculty members were present. A guard of honour was given to the chief guest by the pilots of NCC, Krishna and Babita. The ceremony started with the offering of garland to the idol of goddess Saraswati lighting the lamp. Following the guidelines of covid-19, a series of events in which various cultural singing and dancing performances were taken place. On this occasion, a student Jyoti who got the highest marks in Hindi in Graduation final year was honoured. The Progress report of the year was presented by Dr Jolly Garg. On this special occasion of foundation day, the college E-magazine 'Bharati' was also launched. The programme was organised by Cultural Commiittee.




## Shlok Recitation Competition

A 'Shlok Recitation' competition was organised in the college campus by the Department of Sanskrit on 22nd of December, 2020. The main focus of this competition was to clear the doubt from the mind of the students that Sanskrit is a very tough language. A large number of students participated in this program. Participating Students recited melodious verses like Shardalvikridit, Shikharni and Malini. Principal, Dr Anupama Mehrotra started the program by igniting the lamp in front of Maa Saraswati. As juries, Dr Kanchan Singh, Dr Reena Mittal and Dr Ritu Dixit played an important role in the



श्लोक गायन प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर किया प्रतिभाग

दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा इस श्लोक गायन प्रतियोगिता का आयोजन

(उत्तर केसरी संवाददाता)

competition. In this competition Swati, Medha and Priyanshi got first, second and third place respectively. The competition was organised successfully by Dr Anjali Upadhyaya.



## Yoga Workshop

A one day Yoga workshop was organized by both the units of NSS, Physical Education department and NCC on 22nd December 2020. This workshop was organized under the UP Govt's 'Fitness ki Dose, Adha Ghanta Roj' campaign to spread the message of fitness among the students as well as common people. All the NSS volunteers and other students actively participated in the workshop under the fitness guidance of Mrs Neetu Singh and Mrs Anita Pharaswan. NSS volunteers participated actively in the workshop and also made posters on the topic 'Importance of Yoga'. Rules of social distancing were strictly followed by the students.

## Cyclothon Awareness Rally



स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली

अमृत विचार, मुरादाबाद

A Cyclothon awareness rally was organized by both of the NSS units of the college under the UP government's compaign 'Fitness ki Dose, Aadha Ghanta Roj' on 24th of December 2020. Addressing the rally, Principal Dr Anupama Mehrotra told the students that Health is Wealth. So, to keep ourselves healthy we should do every possible effort. Program Officer Dr Shobha Gupta told that now day, because of the busy schedule of our life, we do not heed on our health and as a consequence gradually we confronts with the various health problems. Program Officer of second unit Dr Nemika motivated the students to become aware and concerned about their health. After this, Fit India Cyclothon Awareness Rally departed to the adopted village Banglagaon to make the people aware about their health and to spread the message of fitness through practicing Yoga in their life.



## Women Safety Program

A one day workshop on Women Safety was organized by Anti Romeo Squad of UP government in collaboration with both the units of NSS, Physical Education Department and NCC on 23rd of December 2020. This workshop was held under the UP government's campaign 'Mission Shakti'. The main focus of the workshop was to ensure the safety and dignity of girls and women in our society. S.I. Balvendra Singh, gave safety tips to the students related to the

various techniques of self protection from physical, mental and sexual harassment. Students were also informed about the police helpline numbers 1090, 181, 112, 1098 and 1076.

## Extempore Competition



On 24th of December 2020, an Extempore Competition was organized by the Arthik Parishad of the college. Topics related to the contemporary society, women security, online education, cyber crime, water conservation and corruption, were included in the competition. The aim of this competition was the all round development of the students. Beside this, it was also intended that students could be familiar with the burning issues and current activities of society. The chairperson of this program was Principal Dr Anupama Mehrotra and the program was conducted by Kumari Shruti Jaiswal.

## Condolence Message



The Founder Principal of the College, Mrs. Vimla Devi Gupta was born on 1st January 1929. She got the degree of post graduation in subjects Hindi and Sanskrit from Raghunath Girls College, Meerut, along with getting an education of L.L.B from K.G.K. College, Moradabad. She got married to Mr. Harish Chandra Gupta, a renowned advocate of Moradabad. She was blessed with two sons and two daughters.

In 1957, she joined Baldev Arya Kanya Inter College, Moradabad on the post of a Hindi lecturer and later you served as a principal of the college in 1958. In 1962, July 15, she joined as a principal of Dayanand Arya Kanya Degree College, Moradabad and contributed to the successive development of the college. She retired from the post of principal of the college on 30th June 1989. Since then she had been emblazoning the different posts of the Management committee. She passed away on November 9, 2020. A personality like you who is inspirational, gentle, honest , hard working, rich in endless knowledge and affectionate takes birth only once in the century. Her demise is an irreparable loss to our college. The college pay humble tribute to you. May God give her a dear place in his heavenly feet.

Om Shanti